प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.05.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने का आज दूसरा दिन—नामांकन के पहले दिन कुल 16 हजार 8 सौ 91 नामांकन पत्र भरे गए।
- भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर– शहरी निकाय व पंचायतीराज चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का करेंगे मार्गदर्शन।
- किन्नौर जिला में हिमालयी क्षेत्र की अद्वितीय जैव विविधता को उजागर करने के उद्देश्य से आज से तीन दिवसीय 'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन।
- विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- 11 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में होगा आईपीएल का अहम मुकाबला।

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने का आज दूसरा दिन है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने के पहले दिन कल 16 हजार 8 सौ 91 नामांकन पत्र भरे गए और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी।

——डिस्पैच——

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार जिला मंडी के सबसे अधिक 3 हजार 7 सौ 31 नामांकन प्राप्त हुए जबकि लाहौल स्पीति में सबसे कम 74 नामांकन दर्ज हुए। इसके अलावा चंबा में 2 हजार 67, ऊना में एक हजार 8 सौ 92, हमीरपुर में एक हजार 5 सौ 72, बिलासपुर में एक हजार 4 सौ 59, सोलन में एक हजार 4 सौ 15, कांगड़ा में एक हजार 4 सौ 7, कुल्लू में एक हजार 3 सौ 83, सिरमौर में 9 सौ 17, शिमला में 7 सौ 84 जबकि किन्नौर में एक सौ 90 नामांकन पत्र दर्ज किए गए। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। प्रदेश की कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

## दौरा

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह आज से प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनका यह दौरा प्रदेश में चल रहे नगर निगम व पंचायतीराज चुनावों के दृष्टिगत अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रवास के दौरान वे मंडी जिला में विभिन्न संगठनात्मक एवं चुनावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे और पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सौदान सिंह आज शाम मंडी पहुंचेंगे। कल उनका मंडी जिला में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों, संगठनात्मक बैठकों व चुनावी गतिविधियों में भाग लेने का कार्यक्म है। इस दौरान वे नगर निगम व पंचायतीराज चुनावों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे और चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे।

## 'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल'

किन्नौर जिला में क्षेत्र की समृद्ध प्राकृतिक विरासत के संरक्षण व उत्सव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज से 10 मई तक कल्पा कंडे के 'गोली' में 'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव कल आयोजित होने वाले 'ग्लोबल बिग डे' व 'हिमालयन बर्ड काउंट' के साथ समन्वित रहेगा। उपायुक्त किन्नौर, डॉ. अमित कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस फेस्टिवल का उद्देश्य किन्नौर व हिमालयी क्षेत्र की अद्वितीय जैव विविधता को उजागर करना तथा स्थानीय समुदायों और प्रकृति के बीच गहरे संबंध को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन संरक्षण एवं सतत विकास के सिद्धांतों पर आधारित होगा व  टूरिज्म' को बढ़ावा देगा, जिससे पर्यावरण, स्थानीय संस्कृति और पारिस्थितिकी का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## रेड क्रॉस दिवस

आज विश्व रेड क्रॉस दिवस है। यह दिवस मानवता, सेवा और सहायता की भावना को समर्पित है। विश्व रेड क्रॉस हर साल 8 मई को हेनरी ड्यूनेटं की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। वर्ष 2026 की इस वर्ष की थीम है– On the side of Humanity–मानवता के पक्ष में खड़ा होना है। यह थीम मानवता को जीवित रखने और अग्रिम पंक्ति के नायकों को सम्मान देने पर केंद्रित है। यह दिन युद्ध, आपदा और महामारी के दौरान राहत कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को समर्पित है। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दुनिया भर में संघर्ष, प्राकृतिक आपदा और स्वास्थ्य संकटों के दौरान जरूरतमंदों को मानवीय सहायता प्रदान करने वाले स्वयंसेवकों के प्रयासों को सलाम करता है।

## आकाशवाणी मैराथन

आकाशवाणी की स्थापना की 90वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज सुबह राजधानी दिल्ली में मैराथन का आयोजन किया गया। आकाशवाणी और दूरदर्शन सहित प्रसार भारती में कार्यरत सभी कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य इस मैराथन में भाग लिया। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ आकाशवाणी की स्थापना वर्ष 1936 में हुई थी। यह देश का सर्वाधिक विश्वसनीय प्रसारण माध्यम है, जो विभिन्न भाषाओं में समाचार बुलेटिन के अलावा संगीत, मनोरंजन और जन उपयोगी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। इस मैराथन के आयोजन से आकाशवाणी न केवल अपनी गौरवशाली संस्कृति

और अस्मिता का उत्सव मना रही है बल्कि स्वास्थ्य, स्फूर्ति, एकजुटता और लोकसंपर्क का संदेश भी प्रसारित कर रही है।

## शिल्प कौशल

पारम्परिक शिल्प कौशल को बढ़ावा देने तथा वास्तुकार व शिल्पकारों को लाभ देने के उद्देश्य से पी.एम. विश्वकर्मा योजना की शुरूआत हुई है। इस योजना के लागू हो जाने से जहां विभिन्न व्यवसायों में लगे कारीगरों का विकास हो रहा है वहीं उन्हें एक लाख रुपए तक का ऋण सस्ती ब्याज दर 5 प्रतिशत पर मुहैया करवाया जा रहा है। आकांक्षी जिला चंबा भी अपनी समृद्ध कला व संस्कृति के लिए जाना जाता है। पी एम विश्वकर्मा योजना यहाँ के शिल्पकारों के लिए भी लाभकारी साबित होगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चंबा जिला संवाददाता।

––डिस्पैच––

चंबा का प्रसिद्ध चंबा रूमाल हो, यहां की चप्पल हो या यहां की प्राचीन धातु कला हो, इससे कई शिल्पकार वर्षों से जुड़े हैं तथा आज देश–विदेश में अपनी छटा बिखेर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐसे शिल्पकारों के उत्थान के लिए ही पी एम विश्वकर्मा योजना संचालित की गई है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के शुरू होने से इस कला से जुड़े शिल्पकार काफी उत्साहित हैं और जिला के कई शिल्पकार इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले रहे हैं। आकाशवाणी के लिए चंबा से विकास ठाकुर

## हवाई सेवा

शिमला जिला के जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डे में 10 मई से फिर नियमित विमान सेवा शुरू होने जा रही है। एलायंस एयर दिल्ली–शिमला और शिमला–धर्मशाला के लिए मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के छह दिन उड़ानें संचालित करेगी। कंपनी ने एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी है। ये सेवाए 2 नवंबर 2025 से बंद थी। अब दोबारा सेवाएं शुरू होने से पर्यटन कारोबार और यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## आईपीएल

धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में 11 मई को पंजाब किंग्स इलेवन और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल मैच खेला जाएगा। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स इलेवन की टीम कल शाम धर्मशाला पहुंची। धर्मशाला में खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कोच रिकी पोंटिंग की देखरेख में टीम आज से अभ्यास करेगी। पंजाब किंग्स के लिए धर्मशाला के मुकाबले बेहद अहम माने जा रहे हैं। टीम को पिछले तीन मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखने के लिए धर्मशाला में जीत दर्ज करना जरूरी होगा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली कैपिटल्स की टीम कल धर्मशाला पहुंचेगी।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है **पूर्व सीपीएस के सरकारी आवास खाली न करने पर हाईकोर्ट सख्त।** दैनिक भास्कर का शीर्षक है **हाईकोर्ट सख्तः पूर्व सीपीएस के सरकारी आवासों पर कब्जे को लेकर प्रदेश सरकार से मांगा रिकॉर्ड।**

पंजाब केसरी की एक खबर है **नई दिल्ली–शिमला के बीच 10 मई से बहाल होगी हवाई सेवा, शिमला–धर्मशाला के बीच भी होगी उड़ान।**

**हिमाचल में हाइटेक होगी सेब की खरीद–फरोख्त** शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है **सीएम ने एचपीएमसी को फल खरीद की तैयारी के दिए निर्देश।**

दैनिक जागरण की एक खबर है **शास्त्री अध्यापकों की भर्ती पर हाईकोर्ट की रोक।**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने का आज दूसरा दिन–नामांकन के पहले दिन कुल 16 हजार 8 सौ 91 नामांकन पत्र भरे गए।
- भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर– शहरी निकाय व पंचायतीराज चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं का करेंगे मार्गदर्शन।
- किन्नौर जिला में हिमालयी क्षेत्र की अद्वितीय जैव विविधता को उजागर करने के उद्देश्य से आज से तीन दिवसीय 'किन्नौर बर्ड फेस्टिवल' का आयोजन।
- विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।

  और

- 11 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में होगा आईपीएल का अहम मुकाबला।

--------------------